प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक– 01/09/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- सोयाबीन उत्पादन के मामले में मध्यप्रदेश फिर देश में आया पहले स्थान पर।
- राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व महाअभियान 3.0 चलाएगी राज्य सरकार।
- देश के साथ प्रदेश में भी पोषण माह के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ शुरू।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी। चार जिलों के लिये मौसम विभाग ने जारी किया ओरेंज अलर्ट।

सोया प्रदेश

सोयाबीन उत्पान के मामले में प्रदेश पूरे देश में पहले स्थान पर आ गया। पिछले दो सालों से सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादन कर रहे महाहराषट्र को पीछे छोड़ते हुए सोयाबीन प्रदेश" बनने का ताज फिर हासिल कर लिया है। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में 5.47 मिलियन टन सोयाबीन उत्पादन हुआ जो देश के कुल सोयाबीन का 41.92 प्रतिशत है। महाराष्ट्र 5.23 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर है। पिछले दो सालों में मध्य प्रदेश में सोयाबीन उत्पादन में कमी आने से मध्य प्रदेश पिछड़ गया था। वर्ष 2022–23 में महाराष्ट्र 5.47 मिलियन टन उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर था। जबकि मध्य प्रदेश 5.39 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर था। इसके पहले 2020–21 में मध्य प्रदेश 5.15 मिलियन टनउत्पादन के साथ पहले स्थान पर रहा था। आंकड़ों के अनुसार देश में सोयाबीन का रकबा 2022–23 की अपेक्षा 2023–24 में 1.7 प्रतिशत बढ़ा और क्षेत्रफल पिछले साल 5975 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 2023–24 में 6679 हेक्टेयर हो गया है।

राजस्व अभियान–मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही लंबित पड़े राजस्व संबंधि प्रकरणों के लिए राजस्व महाअभियान 3.0 चलाया जाएगा। उन्होंने महाअभियान के पहले और दूसरे चरण में करीब 80 लाख प्रकरणों के निराकरण होने पर सभी को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमत्री ने कहा कि सरकार के राजस्व मंत्रालय द्वारा लंबित पड़े प्रकरणों का निराकरण करने के लिए पहले राजस्व महाअभियान 1.0 चलाया गया था, जिसमें लगभग 30 लाख प्रकरण हल हुए थे। वहीं राजस्व महाअभियान 2.0 के माध्यम से लगभग 50 लाख प्रकरणों का निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही राजस्व महाअभियान 3.0 भी प्रारंभ होगा, जिससे यदि किसी का प्रकरण लंबित हो, तो उसे भी लाभ मिले।

राष्ट्रपति–सर्वोच्च न्यायालय

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सर्वोच्च न्यायालय के नए ध्वज और प्रतीक चिन्ह का अनावरण किया। नई दिल्ली में राष्ट्रीय जिला न्यायपालिका सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सभी हितधारकों को एकजुट होकर लंबित मामलों का समाधान तलाशना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि लंबित मामलों को कम करना, न्यायपालिका के लिए एक बडी चुनौती है।

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति धनंजय चंद्रचूड ने कहा कि लंबित मामलों में कमी लाने के लिए गठित समिति ने इन मामलों के समाधान के लिए एक कार्य योजना लाने की रूपरेखा तैयार की है।

पोषण माह

देशभर में आज से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत हो गई है। यह प्रतिवर्ष 1 से 30 सितंबर तक मनाया जाता है। प्रदेश में भी पोषण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय के लोगों, पंचायत सदस्यों, जन प्रतिनिधियों और अन्य विभागों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। धार में आज से पोषण माह का शुभारम्भ केंद्रीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास सावित्री ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया, धार विधायक  नीना वर्मा, सहित अन्य जनप्रतिनिधी उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूरे माह अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ महिलाओं को कई जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य प्रदेश सरकार कर रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा की धार जिला सिकल सेल एनीमिया से निजात पाने की दिशा मे जिला कार्य कर रहा है।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में वितरित की जाने वाली खाद्यान्न सामग्री के संबंध में जारी नये निर्देशों के अनुसार अब पात्र परिवारों को राशन सामग्री का वितरण प्रत्येक माह की 1 से 31 तारीख तक करने की समय–सीमा निर्धारित की गई है। खाद्य, नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि अब जिस माह की राशन सामग्री है, उसी माह में मिलेगी। यह केरी फॉरवर्ड नहीं होगी। अगस्त माह से इसे शुरू कर दिया गया है। अगस्त माह में एक करोड़ 17 लाख 53 हजार पात्र परिवारों को राशन सामग्री का वितरण किया गया।  मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि माह अगस्त मे 'वन नेशन–वन राशन कार्ड' के तहत मध्य प्रदेश में अन्य राज्यों के 3644 परिवार द्वारा और अन्य राज्यों में प्रदेश के 34 हजार 667 परिवारों द्वारा एवं अन्तर्जिला पोर्टेबिलिटी से 14 लाख 38 हजार 630 परिवारों द्वारा राशन प्राप्त किया गया। यह माह जुलाई की तुलना में अधिक है। विगत 6 माह से निरंतर राशन प्राप्त न करने वाले लगभग 1 लाख 74 हजार परिवारों को माह अगस्त में राशन प्राप्त करने के लिये परिवारों के नामों की सूची उचित मूल्य दुकानों पर चस्पा कराई गई। साथ ही दिनांक 25 अगस्त तक राशन प्राप्त न करने वाले परिवारों को एसएमएस किए गये।

महाकाल सवारी

इस श्रावण–भादौ मास के सातवे सोमवार कल उज्जैन में बाबा महाकाल की शाही सवारी निकलेगी। भगवान महाकाल सात स्वरूप में दर्शन देंगे। शाही सवारी में पालकी में चंद्रमौलेश्वर, गजराज पर मन महेश, गरूड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा महेश, डोल रथ पर होल्कर स्टेट का मुखारविंद, घटाटोप तथा सप्तधान्य मुखारविंद रहेंगे। पालकी दोपहर चार बजे पूजन पश्चात नगर भ्रमण पर निकलेगी। कलेक्टर सह महाकाल मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष नीरजकुमार सिंह ने इस संबंध में आज बताया कि सशस्त्र पुलिस बल द्वारा भगवान को गार्ड ऑव ऑनर दिया जाएगा। यहां से पुलिस बैण्ड की सुमधुर धुन पर बाबा नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

बारिश/मौसम

प्रदेश में एक बार फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए नर्मदापुरम, हरदा, बुरहानपुर और बैतूल जिले में अतिभारी बारिश के लिए ओरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बाकि सभी जिलों में भारी बारिश के लिए येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में भोपाल, ग्वालियर, शहडोल और नर्मदापुरम संभाग के कई जिलों में तेज बारिश हुई। इंदौर में आज दोपहर पूरे शहर में तेज बारिश हुई। मूसलधार बारिश के चलते कई प्रमुख चौराहों पर जलजमाव और ट्रैफिक जाम की स्थिति भी बन गई। इसके अलावा शहर के कई निचले इलाकों और बीआरटीएस में जलजमाव की स्थिति बन गई। इधर सीजन में अब तक करीब 30 इंच बारिश हो चुकी है, इस लिहाज से कोटा पूरा करने के लिए सिर्फ 6 इंच की जरूरत है। शहडोल जिले में अब तक 993 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है।

पैरालिंपिक

पेरिस पैरालंपिक के आज चौथे दिन पैरा बैडमिंटन में भारत के दो पदक पक्के हो गए हैं। मनीषा रामदास ने एसयू–5 वर्ग में महिलाओं के सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब उनका मुकाबला अपने ही देश की टी.मुरुगेशन से होगा। इन दोनों में से जो भी खिलाड़ी फाइनल में पहुंचेंगी, उनका कम से कम रजत पदक तय हो जाएगा। वहीं, पुरुषों के सिंगल्स एसएल–4 सेमीफाइनल में सुकांत कदम का मुकाबला अपने ही देश के सुहास यतिराज से होगा। पदक तालिका में चीन पहले, ग्रेट ब्रिटेन दूसरे और ब्राजील तीसरे स्थान पर है। भारत एक स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदकों के साथ 22वें स्थान पर है।

समाचार संक्षेप में ..

- केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए संभावनाएं तलाश रही हैं। उन्होंने एक बैठक में यह जानकारी दी।
- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल द्वारा प्रतिमाह आयोजित शलाका प्रदर्शनी में सितंबर माह में भील समुदाय की चित्रकार सुश्री सुनीता भावोर के चित्रों की प्रदर्शनी सह–विक्रय का संयोजन किया जा रहा है।
- खंडवा मे कल पोला अमावस्या मनाई जाएगी। इस दिन किसानों द्वारा खेतों में हल चलाने वाले बैलों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए विशेष रूप से पूजा की जाती है।

---------------------